गांवों में जितनी सरप्लस जमीन है और जो कि ग्राम समाज की सम्पत्ति है उस पर गांवों के गुण्डों ने कब्जा कर लिया है, उन्हें उससे बेदखल करने के लिए सरकार आवश्यक कानून बना कर कार्यवाही करे । मवेशियों के लिए चरागाह का बंदोबस्त होना चाहिए ।

उपाध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य का समय समाप्त हो गया है ।

श्री सरजू पाण्डेय : बस एक मिनट में मैं समाप्त किये दे रहा हूं । मैं चाहूंगा कि मंत्री जी इस प्रस्ताव को स्वीकार करें । अगर आप इसे इस रूप में स्वीकार नहीं कर सकते हैं तो इसमें संशोधन कर लीजिये और उसके अनुसार आप कानून बनाइये लेकिन आवश्यकता इस बात की है कि सरकार देश को सूखे की अवस्था से बचाने के लिए कोई एक पुरजोर कदम उठावे जिससे कि इस देश की रक्षा हो सके । मुझे उम्मीद है कि मंत्री जी इस प्रस्ताव को स्वीकार करेंगे और मैं प्रस्तावक महोदय से यह अनुरोध करूंगा कि वे अपने इस प्रस्ताव को वापिस न लें ।

**Shri D. J. Naik** (Panchmahals): I support the Resolution moved by my hon. friend, Shri Venkatasubbaiah. I

have worked for relief in the famine areas and I really congratulate my friend, Shri Venkatasubbaiah, for moving this Resolution appealing to the Government to establish a Famine Areas Development Authority.

I was associated with Thakkar Bappa who organized relief work in various areas of India. I do remember that, in 1920, there was a great famine in some parts of Gujarat and he organized relief work and it was from then onwards that I was associted with him. I recollect with vivid memories the agonies of the people and their sufferings. Therefore, I appeal that this Authority should be established as early as possible. Various famines have occurred in this country in the past. A very big list from the Encyclopaedia of Britannica has been given by my hon. friend Shri P. Venkatasubbaiah, but in living memories, I know that various famines have visited our country. During the years 1900, 1901 and there was a great famine called *Chappanya* in our area which affected many parts of Gujarat and Rajasthan in which many people died and many heads of cattle perished. After that, the famine relief code was enacted by the British Government in those days. We are even today providing relief according to that old code. No amendment has been made, so far as I am aware to that code. That old rusted code is of no avail nowadays. We should look at it from a new angle and relieve the distress of the famine-stricken people, on a permanent basis. No doubt, some relief measures are taken and also steps are taken to provide some employment to those people when a famine visits the area. But that is only a temporary measure. Some permanent kind of measure should be taken by Government to develop the famine areas.

I remember that in 1951-52, a famine commission was appointed by the Government of India when there was a great famine in Bijapur, Rayalaseema and the northern parts of Gujarat. That commission visited my area also. Some recommendations were made to Government by that commission. I do not know what recommendations have been implemented by Government so far. So, I suggest that immediately something should be done to relieve the sufferings of the people on a permanent basis.

In India, only 20 per cent of the land is under irrigation. We should increase the area under irrigation and increase that percentage. More areas should be brought under irrigation. There are various schemes in this regard but they are mostly in the areas which are not affected by famine. I would suggest that whenever irrigation schemes, whether they be major or minor or medium, are taken up, first preference should be given to these famine areas which are every now and then affected by famine. As far as my district is concerned, I can say positively that every third year is a bad year and every fifth year is a scarcity or famine year. Nothing has been done so far to improve the situation.

I had organised relief work in that area as the president of the district local board, and about a crore of rupees might have been spent in that small area—giving scarcity years from the year 1919-20 to 1960—to provide temporary relief to the people. If only that one crore of rupees had been spent on irrigation works and to provide some industries on a permanent basis, I think the area would have been rid of the sceptre of famine.

**The Minister of Irrigation and Power (Dr. K. L. Rao):** What is the hon. Member's district?

**Shri D. J. Naik:** It is Panchmahals. I have worked for famine relief, and I know as the president of the district local board how much money has been spent in that one district alone during the years 1920 to 1900

[Shri D. J. Naik]

Therefore, I suggest that some permanent solution should be found for these areas. My hon. friend Shri Shree Narayan Das has moved an amendment to investigate what the famine areas are. I think Government are already aware of the areas which are chronically famine-affected areas. So, there is no point in further investigating and then establishing an authority, because that would take much time. Since this problem is a very important and urgent problem, it should be taken up as early as possible just as the desert development programme has been taken up. Just as a desert development authority has been instituted, likewise, I would suggest that for the famine areas, a famine areas development authority should be immediately set up. I know that our Food and Agriculture Minister hon. Shri C. Subramaniam, and our Irrigation and Power Minister, Dr. K. L. Rao, are very capable men. I appeal to them to take up this matter immediately and do whatever they can and to allocate some more funds in the Fourth Plan for developing famine-affected areas.

**श्री बाल्मीकी** : उपाध्यक्ष महोदय, यह बड़ा महत्वपूर्ण विषय है । क्या इस का समय बढ़ाया जायेगा ?

**श्री रामसेवक यादव** (बाराबंकी) : उपाध्यक्ष महोदय, आज सारे देश में अकाल की स्थिति है और जिस स्थिति में आज देश है, जो सरकार की नीति है और उस नीति पर चलने के जो नतीजे निकल रहे हैं, उनसे ऐसा लगता है कि शायद हर वर्ष देश के किसी न किसी कोने में अकाल और अभाव की स्थिति रहेगी । मैं समझता हूं कि जब देश की यह स्थिति हो, तब जो प्रस्ताव सदन के सामने आया है, वह बहुत सामयिक है, जिस की ओर इस सदन का, माननीय खाद्य मंत्री और सिंचाई मंत्री का ध्यान जाना चाहिये ।

मैं यह भी सोचता हूं कि जहां तक डेवेलपमेंट एथारिटी की स्थापना का प्रश्न है, यह सही है कि उसके बारे में इस सदन में चर्चा हो जाये, लेकिन उस एथारिटी के बन जाने से इस समस्या का हल होगा, मैं समझता हूं कि वह स्थिति नहीं है, क्योंकि तीन पंचवर्षीय योजनायें चली हैं और चतुर्थ पंचवर्षीय योजना की तैयारी है, लेकिन फिर भी इस देश के खाद्य संकट और अकाल की स्थिति में कोई बदल नहीं हुआ है । इस लिए आज सारा मामला दृष्टि का हो गया है । क्या हमारी दृष्टि है, क्या हमारी नीति है और कैसे हम इस समस्या का हल करेंगे, इस पर विचार करने की आवश्यकता है ।

अगर इस विषय मे विचार किया जाये, तो मालूम होगा कि अकाल और अभाव का मुख्य कारण है बाढ़ और सूखा । आज सारा देश बाढ़ और सूखे की समस्या से दो चार है—किसी इलाके में बाढ़ है और किसी इलाके में सूखा है । अभी एक माननीय सदस्य ने कहा—और आंकड़े भी यह कहते हैं—कि सारे देश में 31 करोड़ एकड़ भूमि में खेती होती है, लेकिन उस में केवल 6 करोड़ एकड़ भूमि में पानी की व्यवस्था है और बाकी सारी खेती आसमान के सहारे चलती है । ठीक से पानी बरस जाये, तो खेती अच्छी हो जाती है और अगर पानी नहीं बरसता, तो खेती सूख जाती है । उस खेती की सिंचाई की व्यवस्था आज तक नहीं हो पाई है, हालांकि तीन पंच वर्षीय योजनायें बीत चुकी हैं । इस लिये सिंचाई की व्यवस्था की आवश्यकता है ।

जहां तक नदियों की बाढ़ का प्रश्न है, योजनाओं के अन्तर्गत कई सड़कों और नहरों का निर्माण हुआ है और नई रेलवे लाइनें बिछाई गई हैं, लेकिन चूंकि योजना में कुछ

त्रुटि रही और सब बातों पर व्यापक दृष्टि नहीं रखी गई, इस लिये उन इलाकों में भी बाढ़ आ जाया करती है, जहां पहले कभी बाढ़ की समस्या नहीं थी । इस लिये इन सब बातों पर ध्यान जाने की आवश्यकता है ।

जैसा कि मैं ने कहा है, केवल एथारिटी बन जाने से काम नहीं चलेगा—दृष्टि का सवाल है । जैसे, आज सारे देश में छोटे और बड़े का जबर्दस्त फर्क है । इस प्रस्ताव में कहा गया है कि जो इलाके अकालग्रस्त हैं, उन की ओर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिये । अगर उसी के साथ इस देश की आबादी को जोड़ा जाये, तो उन मनुष्यों के लिये भी व्यवस्था करने की आवश्यकता है, जिन की आमदनी कम है ।

हम ने तीन पंच वर्षीय योजनाओं और अठारह सालों के समाजवाद में देखा कि छोटे आदमी और बड़े आदमी की आमदनी में फर्क बराबर बढ़ा है, घटा नहीं है । अगर समाजवाद का कोई उद्देश्य हो सकता है, तो वह यह है कि छोटी आमदनी और बड़ी आमदनी का फर्क घटे । ( Interruption ) केवल समाजवाद को मानने से काम नहीं चलेगा । इन अठारह सालों में समाजवाद का कीर्तन किया गया है, उसका कार्यक्रम नहीं बना । केवल समाजवाद का नाम लेना से समाजवाद आने वाला नहीं है—उसके लिय कार्यक्रम बनना चाहिये । समाजवाद एक सिद्धान्त है और अगर उस के अनुरूप कार्यक्रम नहीं बनता है, तो केवल समाजवाद की बात कहने से काम नहीं चलने वाला है । मैं यह दावे के साथ कह सकता हूं कि इन अठारह सालों में छोटे और बड़े का फर्क घटने के बजाय बढ़ा है । मैं चाहूंगा कि अगर सरकार में हिम्मत हो, तो वह इस बारे में जम कर बहस कराये कि छोटी और बड़ी आमदनी का फर्क बढ़ा है या घटा है । उस से पता चल जायेगा कि हम समाजवाद की ओर बढ़े हैं या पूंजीवाद की ओर बढ़े हैं ।

भले ही श्री राव बड़ी ईमानदारी से चाहें कि हम सारे देश के खेतों को पानी दें, अगर श्री सुब्रह्मण्यम् चाहें कि हम सारे देश को अन्न दें—मैं उनके इरादों को चेलैंज नहीं कर रहा हूं, उन के इरादे नेक हो सकते हैं—लेकिन ऐसा हो नहीं रहा है, क्योंकि उस के लिये धन चाहिये । मैं इस सम्बन्ध में भ्रष्टाचार की बात तो नहीं कहूंगा, क्योंकि योजनाओं में तीस प्रतिशत धन फिजूलखर्ची और भ्रष्टाचार में चला जाता है । अगर सरकार की ओर से सिंचाई की योजना तेजी से चलाई जाय, तो पांच वर्ष में सारी खती को पानी दिया जा सकता है । आज-कल हमारे देश में एक संकट-कालीन स्थिति है, जब कि हमारे नौजवान बहादुरी के साथ दुश्मनों से लड़ रहे हैं । मैं उनको बधाई देना चाहूंगा । आज वे जो काम कर रहे हैं उसके लिये हम उनकी जितनी प्रशंसा करें थोड़ी है । आज सारे देश की भावनायें उनके साथ हैं, हम सब की भावनायें उनके साथ हैं । 48 करोड़ लोगों की शक्ति के साथ वे वहां लड़ें, मन के साथ लड़ें । उनके लिये एक रास्ता यह भी है कि यह जो अकाल की स्थिति है यह दूर हो । लेकिन इस सब के लिय धन कहां से आएगा । इस धन को प्राप्त करने के लिये आपको साधन भी ढूंढने होंगे । मैं आपसे कहना चाहता हूं कि 100 और 1000 रुपये माहवार आमदनी का रिश्ता कायम होना चाहिये । एक सौ से कम किसी को न मिले और एक हजार से अधिक किसी को न मिले । एक हजार से ऊपर जो खर्च करते हैं, उसको आप ले लें । जो रकम आपको प्राप्त हो उसको आप सिंचाई आदि में लगायें । जब मैं सौ और हजार का सवाल उठाऊंगा तो कुछ लोग कह देंगे कि सौ रुपये कम से कम कैसे हम कर सकते हैं, कैसे दे सकते हैं, यह बड़ा मुश्किल काम है । मैं उनको बताऊंगा कि हो सकता है कि यह बड़ा मुश्किल हो लेकिन क्या हजार रुपये से ऊपर की आमदनी किसी की न हो, क्या यह भी कठिन काम है ? क्या इसको आप नहीं कर सकते हैं । इसको तो आप शुरू करें । जब

[श्री राम सेवक यादव]

आप इसको शुरू करेंगे तो देश को आप, मजबूत कर सकेंगे, तब समाजवाद आयेगा तब अभाव की स्थिति खत्म होगी ।

अन्त में मैं फिर से कहना चाहता हूं कि केवल प्रस्तावों से काम नहीं चलेगा, काम तब चलेगा जब आप इनको कार्यरूप में परिणत करेंगे ।

**श्री बाल्मीकी** : उपाध्यक्ष महोदय, मैं श्री मच्छराज के इस प्रस्ताव का जिसको कि श्री सुबैया जी ने इस सदन के सामने प्रस्तुत किया है, समर्थन करता हूं । उन्होंने इस संकल्प के अन्दर यह बात जाहिर की है कि जब हम चौथी पंचवर्षीय योजना पर ध्यान देने जा रहे हैं तो अकाल ग्रस्त क्षेत्रों के विकास को दृष्टि में रखते हुए उनके लिये अपार और पर्याप्त धन राशि उपयुक्त ढंग से जुटाने के लिये एक अकाल ग्रस्त क्षेत्र विकास प्राधिकार स्थापित किया जाय ।

हम दो पंचवर्षीय योजनायें समाप्त कर चुके हैं और तीसरी समाप्त हो रही है । चतुर्थ पंचवर्षीय योजना में हम कुछ ही देर बाद प्रवेश करने जा रहे हैं। लेकिन तीन पंचवर्षीय योजनाओं को समाप्त कर चुकने के बाद भी यदि आज जो दरिद्रता, आज जो दीनता, आज जो दैन्य और दरिद्रता देश में विद्यमान है, उसका जिक्र किया जाए तो यह प्रसंग बहुत अशोभनीय प्रतीत होता है । आज भी सारे देश के अन्दर, सभी प्रदेशों के अन्दर और कुछ कुछ जिलों के अन्दर भी ऐसे क्षेत्र हैं जहां चिरकालिक अकाल की स्थिति रहती है और आज से ही वह रहती नहीं आई है बल्कि बहुत पहले पुरातनकाल से रहती आई है । हमारे सभी आर्थिक विकास प्रयत्नों के बाद भी वह दरिद्रता हिल नहीं रही है बल्कि जहां लगी हुई है वहां वह जड़ीभूत हो कर बैठ गई है । जिस प्रकार से पंचवर्षीय योजनाओं के प्रयत्नों से धन उत्पन्न किया जा रहा है, सम्पत्ति उत्पन्न की जा रही है वह सारी की सारी कुछ विशेष व्यक्तियों के हाथों में जा कर एकत्रित होती जा रही है । यह दोषारोपण मैं योजना आयोग पर भी करता हूं और प्रशासन पर भी करता हूं । मैं चाहता हूं कि जो धन और जो सम्पत्ति उत्पन्न की जाती है उसका वितरण भी सही ढंग से होना चाहिये । जब हम समाजवादी व्यवस्था में, समाजवाद में विश्वास करते हैं, समाजवादी अर्थ व्यवस्था में विश्वास करते हैं तो मेरा यह पूर्ण विश्वास है कि उत्पत्ति के साधन और वितरण के साधन संतुलित होने चाहियें, नियंत्रित होने चाहियें, सरकार की निगाह में होने चाहियें, सरकार के प्रभाव में होने चाहियें । सम्पत्ति चाहे खेती में पैदा की जाय या कारखानों में, वह गरीब आदमियों के प्रयत्नों से ही उत्पन्न होती है, गरीब मजदूरों के प्रयत्नों से ही उत्पन्न होती है । आप किसी भी विचार से सोचें आप पायेंगे कि उस धन का प्रभाव उन मजदूरों पर नहीं हो रहा है, उसका लाभ उन मजदूरों को नहीं मिल रहा है । जब तक सरकार इस तरह के सब साधन इकट्ठे नहीं करती है और प्रभाव के साथ इस तरह के प्रयत्नों को लेकर नहीं चलती है, देश की दरिद्रता और देश जिस अकालग्रस्त स्थिति में है, वह दूर नहीं हो सकती है ।

आप देखें कि दरिद्रता का जिक्र ऋग्वेद के दरिद्रता नाशक सूक्त में भी किया गया है । उसका जिक्र आज भी होता है मैं आपके सामने ऋग्वेद का यह मंत्र उपस्थित करता हूं कि जिस में दरिद्रता को एक प्रकार से चेलैंज किया गया है ।

चत्तो इतश्चत्तामत: सर्वा भ्रूणान्यारुषी ।
अराय्यं ब्रह्मणस्पते तीक्ष्णशृंगोदृषन्निहि ।।

अर्थात दरिद्रता वृक्ष, लता, शस्य आदि का अंकुर नष्ट करके दुर्भिक्ष ले आती है । उसे मैं इस लोक और उस लोक से दूर करता हूं । तेज:शाली ब्रह्मणस्पति, दान-द्रोहिणी इस

दरिद्रता को यहां से दूर कर भाओ। एक दूसरे मंत्र में इसका इस प्रकार से जिक्र किया गया है :

भदो यद्दारु प्लवते सिन्धो पारे भपूरुषम् ।
तदा रभस्व दुर्हणो तेन गच्छ परस्तरम् ।।

भर्थात यह जो काठ समुद्र तट के पास बहता है, उसका कोई कर्त्ता (स्वामी) नहीं है। विकृत भाकृतिवाली भलक्ष्मी (दरिद्रता) इसी के ऊपर चढ़ कर समद्र के दूसरे पार चली जाभो।

लेकिन हम देखते हैं कि यह दरिद्रता जा नहीं रही है, यह दृढ़ता से जमी बैठी है। इस भोर भापका ध्यान जाना चाहिये भौर भापको सोचना चाहिये कि कैसे यह दूर हो सकती है। भाज भी देश के भन्दर इस तरह के जो भकालग्रस्त क्षेत्र हैं, जहां भुखमरी है, जहां काम नहीं मिलता है लोगों को करने के लिए, जहां रोजगार के साधन नहीं हैं वहां भापकी जो योजना है, उसके साधन द्वारा उपलब्ध हों। सिंचाई के साधन, छोटी छोटी सिंचाई के साधन जो उन किसान लोगों को उपलब्ध हो जाने चाहियें ये वह उपलब्ध नहीं हुए हैं। इस भोर मैं सरकार का ध्यान भाकर्षित करता हूं कि ये साधन वह उनको उपलब्ध करे। साथ ही साथ खेती के ऊपर बहुत ज्यादा भादमियों का जो बोझ है उसे सरकार को चाहिये कि हलका करे। गांवों के भन्दर छोटे छोटे रोजगार धंधे चलाये, छोटी छोटी दस्तकारियां चलाये। जब तक इस तरह के साधन लोगों को उपलब्ध नहीं किये जाते हैं तब तक भकाल ग्रस्त जो क्षेत्र हैं, उनकी स्थिति को सुधारा नहीं जा सकेगा। भाप नई धरती उपलब्ध करते हैं, नए साधन उत्पन्न करते हैं लेकिन वे बहुत ही भपर्याप्त हैं। खेती के लिए जमीन उपलब्ध करने के लिए बंजर भूमि भादि ली जाती है, यहां तक कि मरघट की जमीन भी ली जाती है लेकिन उसके बावजूद भी हमारा भन्न का उत्पादन बढ़ नहीं पा रहा है। यदि भाप छोटी सिंचाई योजनाभों को शुरू करें, छोटे छोटे उद्योग धंधे वहां खोलें, स्थायी साधन उत्पन्न करें तो बहुत ज्यादा लाभ उनको पहुंच सकता है। सब से पहले जब कभी नाला भाया था, जब कभी बम्बा भाया था, जब कभी नहर भाई थी तब किसान खुशी से नाच उठा था भौर कह उठा था "मेरी बम्बे किनारे खेती, मत बरसे भंगूठा सेती"। भाज भी भनेक क्षेत्र ऐसे हैं जहां सिंचाई के साधन नहीं हैं। भाप उनका प्रबन्ध करें।

इन शब्दों के साथ मैं इस संकल्प का जोरदार समर्थन करता हूं भौर प्रार्थना करता हूं कि जब हम भाज युद्ध की स्थिति में हैं, हम ऐसे प्रयत्न करें जिससे भकाल की स्थिति दूर हो, गरीबी दूर हो तथा भधिक भन्न उत्पन्न हो।

**Shri Bakar Ali Mirza** (Warrangal): I rise to support the Resolution. In fact, these days there are no chronic famine areas as such because of the mobility of modern days and because of the planning at the centre which enables foodgrains to be rushed to wherever it is wanted. (*Interruption*). For example, Calcutta was mentioned. I would mention Kerala. Are these famine-affected areas? In the great scarcity, thousands of people died in Calcutta. It is situated in a surplus area.

**Shri P. Venkatasubbaiah**: Man-made famine.

**Shri Bakar Ali Mirza**: Kerala today is feeling great scarcity. If the Centre had not taken interest there, there would have been a serious famine there. So there is one problem of supply of foodgrains wherever there is need for it.

At the same time, there are certain areas which may be termed as famine-affected areas where the rainfall is low and production is low. These areas require special attention. For example, if the crop fails, what is to be done? The previous British Government in such circumstances

[Shri Bakar Ali Mirza]

used to raise a famine relief fund. But all that was based on charity. You rush any quantity of relief in terms of foodgrains and see that nobody dies. But what are the other effects? In the scarcity areas, the poorest of the poor reside, and once they get this shock of scarcity or failure of rain, it is not only that they do not get food; all their reserves are eaten up, and they face the future with a grim face and sadness and sorrow. Therefore, it is necessary to take notice of those areas especially.

I grant that we are a developing country, and when we plan, we have to select areas which give the maximum return, because we have not to think only of particular areas, however scarce or famine struck it may be, but we have to take into consideration the whole country. At the same time, when you give irrigation project to an area which is suited for it, that area not only benefits from that project; because it is not a scarcity area, there the people already have the power to sustain themselves. And so the old law works: to those who have more will be given.

All right, if you give more to them, you are giving more to the country as a whole. At the same time, if you neglect what you may call backward areas, you are really not doing social justice.

Therefore, this authority is needed not to face famine conditions, because when you declare an area to be famine struck, people are already starving, have eaten up all their reserves. This authority should foresee what is coming, and they should have plans, plans for some projects, some lake or some wells which have beneficial value for the whole country. They should be ready with all their blueprints to go ahead before actually the famine condition begins to prevail.

In Telengana, Rayalaseema, Mysore etc., there are areas of such scarcity. The Tungabhadra project was really designed to meet that end. Also, there is the Pochampad project. The Irrigation Minister is here. That also will irrigate all these areas. I would request the Minister to go about that project with greater speed and greater will. I think the pace of that project is not as satisfactory as it should have been.

So, while we build dams and all that for the country as a whole, there should be plans for these affected areas.

Lastly, I would bring to the notice of the Food Minister especially the point that the main end in view here is increase of food production. I submit that you cannot do that unless you also have units which give the maximum production. A very large area is not a unit that will give maximum production, neither a very small area. There is an optimum area which gives maximum production. Therefore, food production is the only thing in view, and the country should be divided into economic units.

In conclusion, I support the resolution and oppose the amendment. There is a lot of literature on famine. The British Government used to do a lot on this of this kind. So, we know what the affected areas are. The need is to go into action.

**Shri A. S. Alva** (Mangalore): I support the resolution moved by Shri Venkatasubbaiah. It is an innocent resolution, but it is very timely.

There are several pockets in this country which are either chronic famine areas, or face famine conditions once in every three or four years. In some areas they have to depend on rainfall for production and very often that fails. People living in such areas formerly used to migrate from place to place; they have become nomads, and have been compelled to leave their hearths and homes.

Now things have improved a great deal, and each State Government has taken measures, but they are only of a temporary nature and do not give any permanent relief. On account of community development projects, some relief is given, but that also is not co-ordinated. If there is a central authority to go into these matters, to provide irrigation facilities, or deep wells or industries which will be useful, it will be really a very useful thing.

Shri Yash Pal Singh said that there was no use of creating officers who knew nothing of village conditions, but nobody suggests that people who do not knew these conditions should be members of this authority. What we want is a central authority. Of course, there will be the food, irrigation and so many other departments. This authority will co-ordinate their activities, suggest certain measures and see that they are implemented.

Shri Venkatasubbaiah knows that in Rayalaseema conditions were very bad at one time; now they have improved on account of various measures taken. There are such areas in Mysore State also, four or five districts. You do not get proper rains, and if rain fails, there is actual famine condition. Then, Government either reduce the assessment or dole out some money or give them foodgrains, but that is not enough. We have to keep an over-all picture of all these problems. They have to put their heads together, and irrespective of what the State Governments do, and they are bound to do certain things, this central authority will certainly be very useful, and by means of long-term measures they can actually make conditions bearable and provide amenities to these neglected and unfortunate areas.

**श्री शिव नारायण (बांसी)** : उपाध्यक्ष महोदय,

"पानी राखो गांव में, बिन पानी सब सून ।
पानी गये न ऊबरे, मोती मानुष, चून ।।

मुझे खुशी है कि हमारे इरिगेशन मिनिस्टर यहां मौजूद हैं । मैंने एक स्पीच में उन का ध्यान दिलाया था कि घाघरा नदी हमारे सूबे में बहती है । उस का लाखों मन पानी बह कर समुद्र में चला जाता है । सरकार की एबिलिटी का नमूना यह है उस पानी को कंट्रोल नहीं किया गया है । दिल्ली में यमुना है लेकिन दिल्ली को पानी नहीं मिलता ।

आज हमारे दो मुख्य सवाल हैं । एक तो डिफेन्स है और दूसरा खाद्य है । खाने का सामान है और लड़ाई का सामान है । इंडस्ट्री में जो डेवेलेपमेंट करें उससे मिलिटरी की तैयारी कीजिए, बम बनाइए, गोला बनाइए और हम को खाने के लिए अन्न दीजिए, इसी प्रकार इस देश की समस्या हल हो सकती है, इसी प्रकार हमारा सालवेशन हो सकता है । हमारी सालवेशन पानी से हो सकता है । फरटीलाइजर से हमारी समस्या हल नहीं हो सकती । आज हमारी मिट्टी सूरज की धूप से सूख रही है, जल गयी है, अगर उसको पानी मिल जाए तो हम आपको अच्छा धान पैदा कर के दे सकते हैं । मैं अपने यहां से आया हूं, हमारे यहां धान अच्छा है, पर पानी की कमी है । आपके ट्यूब वैल के पानी की दर बहुत ऊंची है ।

मैं अब अपने इलाके को छोड़ कर राव साहब का ध्यान बुंदेल खंड की ओर दिलाना चाहता हूं, जहां बुंदेले सरदार हो गए हैं, जहां झांसी की रानी पैदा हुई । उस इलाके का वर्णन मैं आपके सामने करना चाहता हूं । मैं वहां बाई इलेक्शन में काम करने गया तो मैं ने अपनी आंखों देखा कि खंडेला गांव में आदमी और जानवर एक ही तालाब से पानी पीते हैं । मैं कहना चाहता हूं कि आप हम को पानी दीजिए । अगर आपने हमारे पास पानी पहुंचा दिया तो हम आपको कमाकर गल्ला दे सकते हैं ।

मैं फूड मिनिस्टर साहब से आज फिर कहना चाहता हूं कि आप इस फूड मूवमेंट

[श्री शिव नारायण]

को शुरू कर दीजिए । मैं उनको एक बढ़िया सजेशन देना चाहता हूं कि बाजार में जितना भी महंगा अनाज आवे, 36 रुपया या 40 रुपया, आप उसी हिसाब से ले कर उसको जमा कर लीजिए, और आप इस प्रकार सब को खिला सकते हैं और गांव वालों को भी फायदा हो सकता है । ऐसा करने से आप जो सोना अमरीका आदि को अनाज खरीदने के लिए देते हैं वह भी नहीं देना पड़ेगा । आपका सोना बाहर नहीं जाएगा और फूड प्राबलम हल हो जाएगा ।

मैं साफ कहना चाहता हूं कि व्हेयर देयर इज ए विल देयर इज ए वे । आज सरकार को इस दिशा में क्लियर कट नीति अपनानी चाहिए । आज इमरजेंसी के पीरियड में एक एक हिन्दुस्तानी को, चाहे वह अफसर हो या मंत्री हो, या पालियामेंट का मेम्बर हो, यही नारा देना चाहिए कि हम सब एक है । और सरकार को चाहिए कि वह बड़े बड़े सेठ साहूकारों से कह दे कि आज किसी के साथ रियायत नहीं होगी, उनको चाहिए कि वे भामाशाह बन कर अपना गल्ला नौजवानों को खिलाएं । मेरा इरीगेशन मिनिस्टर साहब से अनुरोध है कि जहां सूखा है वहां हमको जल्दी से जल्दी पानी देने का प्रबन्ध करें तो यह समस्या हल हो जाएगी । मेरे दोस्त ने बताया कि इस बारे में कानून बने हैं, लेकिन उन पर अमल होना चाहिए ।

हमारे मित्र सरजू पांडेय यहां नहीं है । उन्होंने कहा था कि उनके जिले में गधा अफसर नियुक्त हो गया है । मैं नहीं समझ सका कि ब्लाक में गधा कैसे अफसर बना दिया गया । अगर ऐसा हुआ है तो उत्तर प्रदेश सरकार ने बड़ी गलती की है । इन्सान तो अफसर हो सकता है, लेकिन अगर उनके यहां कोई गधा नियुक्त हो गया है इससे मुझे शिकायत नहीं है क्योंकि वह कम्युनिस्ट हैं, तो वे उस गधे को ठीक कर लें । हमको नालिज नहीं है कि उत्तर प्रदेश गवर्नमेंट ने किसी गधे को अफसर बना दिया हैं ।

तो मैं अपनी सेंट्रल गवर्नमेंट से कहना चाहता हूं कि यह जो प्रोग्राम हमारे मित्र ने पेश किया है एक अफसर बनाने का अगर वह कोई अफसर नियुक्त करें तो वह ऐसा आदमी हो जिसको इस काम में इंटरेस्ट हो । मैं आपको यहां लखनऊ के एक पोस्ट ग्रेजुएट का एक वाक्य सुनाना चाहता हूं । उसने कहा था कि आप राम राज्य की बात करते हैं, लेकिन जो गांव से लेते हैं अगर उसका चार आना भी गांव को वापस कर दें तो गांव में राम राज्य आ सकता है । इस समय फूड मिनिस्टर और इरीगेशन मिनिस्टर दोनों यहां मौजूद हैं। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि अगर वे हमारा विकास करना चाहते है तो हमको पानी दें और मीन्स आफ कम्युनिकेशन दें । आज हमारे यहां बस्ती में आलू बाजार में दो रुपए सेर बिक रहा है लेकिन हमारा आलू नहीं पहुंच सकता । जब हमारा आलू कीचड़ कम होने पर पहुंचेगा तो आलू सस्ता हो जाएगा । मेरा निवेदन है कि अगर आप ब्लाक डेवेलपमेंट करना चाहते हैं तो आप हमको सिचाई के लिए पानी दें और हमको मीन्स आफ कम्यु-निकेसन्स दें, और हमारे डिफेंस को मजबूत करें और नौजवानों को खिलाएं । और किसी चीज पर खर्च न करें । ऐसा होगा तो आप डेवेलपमेंट कर सकते हैं ।

अन्त में मैं यह भी कहना चाहता हूं कि हमको बाहर से, अमरीका आदि देशों से, फरटीलाइजर नहीं मंगाना चाहिए, उसका मंगाना बिल्कुल बन्द कर देना चाहिए। हम को पानी दीजिए, हम किसान के बेटे हैं हम आपकी समस्या को हल कर लेंगे । आप इस दिशा में प्रेक्टिकल काम कीजिए, किताबें पढ़ कर खेती नहीं होगी । हम किसान खेती करना जानते हैं, हमको साधन दीजिए, हम आपकी समस्या को हल कर देंगे ।

श्री क० ना० तिवारी (बगहा) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरा अपना ख्याल है कि जब तक सारी दुनिया दो हिस्सों में बंटी रहेगी और एक देश दूसरे देश के विरुद्ध बराबर लड़ाई की तैयारी करता रहेगा, और उनके बजट का ज्यादा से ज्यादा हिस्सा लड़ाई की तैयारी पर खर्च होगा उस वक्त तक हमारे देश का भी ज्यादा से ज्यादा बजट युद्ध पर ही खर्च होगा और उसका नतीजा यह होगा कि हम जितना रुपया खाद्यान्न के उत्पादन पर लगाना चाहते हैं उतना नहीं लगा सकेंगे।

हमारे कुछ दोस्त कहते हैं कि आज भी हमारी वही हालत है जो कि आज से 15 या 16 साल पहले थी। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि सन् 1945 में जब बंगाल में ढाई तीन सेर का चावल बिकता था तो 45 लाख आदमी मर गए थे, लेकिन आज जब कि रुपए का 12 या 10 छटांक चावल मिलता है कहीं से भुखमरी की रिपोर्ट नहीं आ रही है। इसके मानी यह हैं कि हमारे यहां उत्पादन बढ़ा है और उत्पादन बढ़ाने के लिए सिंचाई आदि के साधन बढ़ाने पर जो रुपया खर्च किया गया है वह बेकार नहीं गया है, उससे फायदा हुआ है।

हमने बाहर से भी अन्न मंगाया है। कुछ माननीय सदस्य कहते हैं कि बाहर से अन्न मत मंगाओ लेकिन सब को सस्ता खिलाओ। मेरा विचार है कि इस सरकार को बाहर से अन्न मंगाना पड़ेगा, क्योंकि कोई देश आज दुनिया के अन्दर सिवाय आस्ट्रेलिया, कनाडा, अमरीका और फ्रांस के ऐसा नहीं है कि जो बाहर से अन्न न मंगाता हो। 49 साल की आजादी के बाद भी आज रूस ने कनाडा आदि देशों से 6 मिलियन टन गेहूं मंगाया है। इसी तरह से जितने भी देश हैं सब बाहर से अन्न मंगाते हैं और अपना स्टाक बना कर रखते हैं।

मैं देहात का रहने वाला हूं और किसान हूं। मैं कह सकता हूं कि एक दम से अन्न का उत्पादन बढ़ाना मुश्किल काम है। लोग कहते हैं कि अन्न का उत्पादन जल्दी से जल्दी बढ़ाया जाए और देश में अन्न की कमी न रहे, लेकिन यह मुश्किल काम है। आप देखें कि जिन देशों में डिक्टेटरशिप है, जैसे चाइना और रूस, आज इतने दिनों की आजादी और रिवोल्यूशन के बाद भी अन्न की कमी है, तो इसका मतलब यह है कि अन्न का उत्पादन बढ़ाना इतना आसान नहीं है। इसके कई कारण हो सकते हैं। जैसे पानी का न बरसना या किसी अन्य कारण से फसल का खराब हो जाना। इन कारणों पर किसी सरकार का काबू नहीं हो सकता।

जहां तक हिन्दुस्तान के खाद्यान्न का सवाल है, सरकार के फिगर से मालूम होता है कि सन् 1964-65 में काफी अनाज पैदा हुआ है। फिर क्या वजह है कि कमी है। बहुत से लोग इसके बहुत से कारण बताते हैं। पर मेरा तो खयाल है कि इस स्थिति का सब से बड़ा कारण कंट्रोल और जोनल सिस्टम है। कंट्रोल में सरकार जितनी भलाई समझती है, उससे ज्यादा उसमें बुराई है। जिस चीज पर कंट्रोल होता है उसे आदमी ले कर रख लेते हैं यह सोच कर कि कल मिले या नहीं मिले। अब अगर 45 करोड़ की आबादी में अगर लोग आधा आधा मन गल्ला प्रति परिवार रख लें तो काफी खाद्यान्न घरों में रख लेंगे और वह मारकेट में नहीं आ सकेगा।

दूसरी बुराई यह है कि इससे देश का डिसइंटीग्रेशन हो रहा है। भारतवर्ष एक देश है लेकिन आज इस जोनल सिस्टम के कारण विभाजित हो रहा है। मैं कहता हूं कि देश के डिसइंटीग्रेशन का यह सबसे बड़ा कारण है। इसलिए मेरा निवेदन है कि जितनी जल्दी हो सके इस कंट्रोल को हटाइए और कम से कम कोर्स अनाज के लिए जोनल सिस्टम को खत्म कीजिए।

वैसे फूड मिनिस्टर और एग्रीकल्चर मिनिस्टर ने जो काम किया है उसके लिए मैं उनकी

[श्री क० ना० तिवारी]

तारीफ करता हूं और मैं समझता हूं कि इसी प्रकार आगे भी वह इस काम को करते रहेंगे।

**Mr. Deputy-Speaker:** The hon. Minister of External Affairs wants some more time.

**15 hrs.**

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

**Mr. Speaker:** Shri D. N. Tiwary.

**Shri Nath Pai** (Rajapur): Sir, how much more time do they want? The Deputy-Speaker said that they want more time. "Some more time" is a bit vague.

**Mr. Speaker:** We had to take the Calling Attention Notice at 3 O'clock. But probably . . . . .

**The Deputy Minister in the Ministry of External Affairs (Shri Dinesh Singh):** The hon. Minister is on his way, Sir.

**Mr. Speaker:** All right; that will take a few minutes. Shri D. N. Tiwary.

**श्री द्वा० ना० तिवारी** : अध्यक्ष महोदय, मालूम ऐसा होता है कि हम लोग उस प्रस्ताव से जो कि सदन के सामने पेश है, कुछ हट गये हैं और उस प्रस्ताव पर बहस न कर के हम लोग खाद्य पर बहस कर रहे हैं। जहां तक इस प्रस्ताव का सम्बन्ध है उस का एक लिमिटेड स्कोप है और वह यह कि इंडिया के क्रोनिक फैमिन ऐरियाज के एकोनामिक डेवलपमेंट के लिए एक फैमिन ऐरिया डेवलपमेंट एथारिटी नियुक्त की जाय। ऐसे ऐरियाज के लिए एक डेवलपमेंट एथारिटी बनाई जाय। मुझे खुशी है कि फूड मिनिस्टर के साथ साथ इर्रीगेशन मिनिस्टर भी हैं लेकिन मेरी समझ में फाइनेंस मिनिस्टर का होना भी जरूरी था क्योंकि एक डेवलपमेंट एथारिटी बनाने में उनका भी एक महत्वपूर्ण योग होता।

फेमिन कहां और कैसे होता है? फमिन एरिया दो तरीक़े से डेवलप होते हैं या तो बराबर वहां ड्रौट या बाढ़ हो या फिर डेजर्ट हो। अब जहां तक फैमिन का सवाल है वह गौड मेड के अलावा मैन मेड भी हो सकता है या गवर्नमेंट मेड भी हो सकता है। मैं बतलाना चाहता हूं मैन मेड फैमिन कैसे होता है जसे कि नार्थ बिहार में हुआ। वहां पर गवर्नमेंट के सब साधन मौजूद हैं, बिजली के जरिए सिंचाई का साधन सुलभ है लेकिन वहां का रेट 27 पैसे पर यूनिट है जब कि दूसरी जगह वह 9 पैसे पर यूनिट है। वहां के किसान इस फैसैल्टी को काम में नहीं ला सकते हैं क्योंकि वह बहुत महंगी पड़ती है। हमारे इर्रीगेशन मिनिस्टर साहब ने कहा कि जो किसान सबसिडी के लिए अपील करेगा उसे सबसिडी देने के बारे में हम विचार करेंगे। यदि वह ऐसा समझते हैं कि इतना अधिक चार्ज करना अन्याय है जब कि भारतवर्ष के दूसरे प्रान्तों में 9 पैसे फी यूनिट बिजली का चार्ज है तो नार्थ बिहार में यह 27 पैसे फ़ी यूनिट बिजली का रेट क्यों हो और उन को अपने से ह 9 पैसे फी यूनिट के हिसाब से चार्ज करना चाहिए और उनका यह कहना कि जब किसान उसके लिए एप्लाई करेगा तब वह उसे सबसिडी देंगे यह बात मेरी समझ में नहीं आती है। एक किसान जिसके कि पास एक बीघा या उससे कुछ अधिक खेत है उसके पास सिंचाई का बिल आता है 6, 8 या 10 रुपये। यह क्या बात हुई कि वह सबसिडी लेने के लिए दो रुपये का स्टाम्प खर्च करे और आपसे उस बारे में लिखापढ़ी करे। दस मर्तबा आप के पास उसके लिए अर्जी लेकर जाय तब उसका पैसा रिटर्न हो यह कहां की सूझबूझ है? आप स्वयं इस बात को जानते हैं कि नार्थ बिहार एक ऐसा एरिया है जहां बराबर

ड्रौट और फूड कंडीशंस रहती हैं और आपसे किसानों को पानी लेने की जरूरत पड़ती है और उसे पानी लेने में बिजली की सहायता लेनी पड़ती है तो उसका रेट आपने इतना बढ़ा दिया है कि साधारण किसान उसका उपयोग कर नहीं सकता है। क्यों नहीं सारे देश में रेट में एकरूपता लाने के लिए वहां नार्थ बिहार के बढ़े हुए रेट को आप घटाते हैं। जहां तक मुझे याद पड़ता है बजट के समय आपने कहा था कि हम बिजली का रेट घटाने पर विचार करेंगे लेकिन अभी तक उसे घटाया नहीं है और उसी पुराने बढ़े हुए रेट को चला रहे हैं। किसान ऐप्लाई करेंगे तब उस को 2, 4 रुपये सबसिडी देंगे यह बुद्धिमानी की बात मुझे मालूम नहीं होती है। नार्थ बिहार में जो फैमिन होता है वह गवर्नमेंट की वजह से होता है वहां और किसी वजह से नहीं होता है और उसकी वजह यह है कि वहां के गरीब किसान उन आवश्यक साधनों को महंगा होने के कारण उपयोग में नहीं ला सकते हैं।

एक पैम्फलेट में निकाला हुआ है कि वहां पर अन्न की क़ीमत क्या है? चावल 79 रुपये मन है सत्तू 80 रुपये मन है। जहां फैमिन कंडीशंस होती हैं वहां खाद्यान्न का दर कैसे होता है? दरअसल वहां पर बहुत से लोग एक वक्त भी पूरा पेट नहीं खा पाते हैं, आधा पेट और वह भी एक वक्त खाकर रह जाते हैं। आपको सुन कर आश्चर्य होगा और शायद हंसी भी आयेगी कि जिस आम को हम लोग खा कर फेंक देते हैं उस में से जो पौधा निकलता है उसे वहां के लोग इकट्ठा करके और उसको पीस कर खाने पर मजबूर हो रहे हैं। ऐसे फेमिन एरिया के डेवलपमेंट के लिए आप क्या करने जा रहे हैं? जरूरत इस बात की है कि ऐसे एरियाज के लिए जो आप डवलपमेंट एथारिटी नियुक्त कर उसे काफ़ी पैसे के साथ बनाय ताकि वह इस पर विचार कर सके कि फैमिन कंडीशन को कैसे दूर किया जा सकता है और उसके लिए वह सक्रिय और प्रभावशाली कदम भी उठा सके। इस बारे में वह पूरी छानबीन करके अपनी रिपोर्ट पेश करे और आप वहां पर सहायता कर सकें।

मैं यह नहीं कहता कि केवल मेरा ही इलाक़ा इस तरह का अभावग्रस्त इलाक़ा है, ऐसे और भी देश में इलाके होंगे जहां पर कि लोग मुसीबतें उठा रहे होंगे और उन सभी के लिए इस तरह की व्यवस्था की जानी चाहिए।

आप जानते हैं कि नार्थ बिहार प्रीडौमिनैंटली एग्रीकल्चरल इलाक़ा है वहां की पर कैपिटा आमदनी केवल 80 रुपया सालाना है जब कि बाक़ी हिन्दुस्तान की आमदनी पर कैपिटा 300 रुपये पर ऐनम से अधिक है। इसे आपने रिपोर्ट में देखा भी होगा। इससे आप स्वयं समझ सकते हैं कि वहां के लोग किस तरह से अपना जीवन यापन करते होंगे? इसी सदन में मेरे एक बलिया के भाई ने ऐसी बात कही थी। उस वक्त पंडित जी ने एक कमिशन मुकर्रर किया था। एक कमेटी बनाई गई थी जिसे कि इस बारे में रिपोर्ट देना था। उस कमेटी और उस की रिपोर्ट का क्या हुआ मुझे पता नहीं लेकिन आज जरूरत है कि ऐसे इलाके की जहां के निवासियों की आमदनी 80 रुपया पर कैपिटा पर इयर हो उनके उत्पादन की ओर सरकार विशेष रूप से ध्यान दे ताकि वे भी अन्य प्रान्तों के लोगों के समान ऊपर उठ सकें। इतनी कम आमदनी और कहीं भी नहीं है। इसी हाउस में जब डा० लोहिया ने यह कहा था कि हमारे देश के लोगों की आमदनी 13 पैसे या 17 पैसे है तो बड़ा बावैला मच गया था लेकिन यह आपकी अपनी फीगर्स से साबित हो रहा है कि नार्थ बिहार में और विशेष कर दरभंगा और छपरा के लोगों की आमदनी 12 पैसे या 13 पैसे से अधिक नहीं है। ऐसे ही उन्नत अभावग्रस्त और पिछड़े हुए इलाक़ों के लोगों को डेवलप करने के लिए एक ऐसी डैवलपमेंट एथारिटी कायम करनी चाहिए जो कि आवश्यक जांच पड़ताल करके आवश्यक कदम उठा सके ताकि वहां के लोगों को राहत मिल सके।